बरेली, बुधवार
5 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

PAGE NO. II, BOTTOM

# कैंसर के महामारी न बनने का दिया संदेश

## घबराएं नहीं हिम्मत रखें और लड़ें



एसआरएमएस में सम्मान के साथ कैंसर विजेता ● जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एसआरएमएस) की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर से जंग लड़कर मात देने वाले कैंसर विजेताओं को सम्मानित किया गया। कैंसर विजेताओं ने बीमारी की जानकारी और इसके उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए। एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी कैंसर मरीजों की हिम्मत को सराहा और उन्होंने इस महामारी से बचाव के लिए दूसरों को जागरुक करने का संदेश दिया।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के विभागाध्यक्ष डा. पियूष अग्रवाल ने कैंसर, इससे बचाव के उपाय बताने के साथ सेंटर में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों की जानकारी दी। गायनी ओंको सर्जन कर्नल डा. मनोज कुमार टांगड़ी ने कैंसर विजेताओं को गायनी कैंसर से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर को मात देने वाले सभी लोग इस बीमारी के प्रति लोगों को जितना जागरूक करेंगे वह कम है। कैंसर लाइलाज नहीं, इसका इलाज संभव है। कार्यक्रम का संचालन डा. रशिका सचान ने किया। इस मौके पर मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा. निर्मल यादव, डा. रोहित शर्मा, डा. बिंदू गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।